दिनांक : 02.06.2025 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेष

मंत्रि–परिषद बैठक

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में कल 3 जून को पचमढ़ी के राजभवन में मंत्रि–परिषद की बैठक होगी। यह बैठक विशेष रूप से जनजातीय समाज और शौर्य पराक्रम के प्रतीक रहे राजा भभूत सिंह की स्मृति को समर्पित होगी। पचमढ़ी, गोंड शासक राजा भभूत सिंह के ऐतिहासिक योगदान को समेटे हुए है। उन्होंने इस पहाड़ी भूभाग का उपयोग शासन संचालन, सुरक्षा और सांस्कृतिक धरोहरों की रक्षा के लिए किया। मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने कहा कि पचमढ़ी न केवल प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण है, बल्कि यह हमारे जनजातीय समाज की सांस्कृतिक विरासत से भी गहराई से जुड़ा हुआ है। प्रदेश सरकार का संकल्प है कि हर गौरवशाली पक्ष को सामने लाया जाए और समाज के प्रत्येक वर्ग के हितों का ध्यान रखा जाए।

हमारे संवाददाता ने बताया कि मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव पचमढ़ी में मप्र पर्यटन विभाग के 12 करोड 49 लाख रुपए के 5 विकास कार्यों का लोकार्पण और 21 करोड 39 लाख के 6 विकास कार्यों का भूमिपूजन भी करेंगे। पचमढ़ी मध्यप्रदेश का एकमात्र हिल स्टेशन भी है। मंत्रि–परिषद की बैठक का आयोजन प्रशासनिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है।

विकसित कृषि संकल्प अभियान

देश के साथ प्रदेश में भी विकसित कृषि संकल्प अभियान जारी है। इस अभियान के तहत अधिकारियों का दल किसानों को केंद्र व राज्य सरकार की जानकारियों के अलावा कृषि क्षेत्र में किए गए नए नवाचारों की जानकारी भी दे रहा है। इस दल में शामिल कृषि विभाग, कृषि विज्ञान केंद्र व अन्य विभागों के अधिकारियों द्वारा ग्रामों में पहुंचकर किसानों से संपर्क किया जा रहा है।

शिवपुरी जिले में कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ एमके भार्गव ने बताया कि इस अभियान के तहत गांव–गांव में जाकर हमारी टीम द्वारा किसानों से चर्चा की जा रही है। चौपालें लगाई जा रही हैं और कृषि के क्षेत्र में नए नवाचारों को किसानों को बताया जा रहा है।

जल गंगा संवर्धन अभियान

प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान अन्तर्गत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कुएं, तालाब, बावड़ी की मरम्मत, गहरीकरण व साफ सफाई का कार्य किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत आगरमालवा जिले के ग्राम पंचायत नंदन में सार्वजनिक कुंए की मरम्मत एवं रंगाई पुताई का कार्य किया गया।

जेईई एडवांस्ड रिजल्ट

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर ने आज जेईई एडवांस्ड परीक्षा 2025 के परिणाम की घोषणा की है। छात्र अपने परिणाम वेबसाइट– result25.jeeadv.ac.in पर देख सकते हैं। जेईई एडवांस्ड परीक्षा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों और तकनीकी शिक्षा के अन्य सहभागी संस्थानों में स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाती है। पहले स्थान पर राजित गुप्ता और दूसरे स्थान पर सक्षम जिंदल हैं। प्रदेश के बुरहानपुर जिले के माजिद मुजाहिद हुसैन ने ऑल इंडिया रैंक– 3 हासिल की है। वहीं जबलपुर के देव कौरव ने ऑल इंडिया रैंक 159 हासिल की है। जबकि भोपाल के आरुष नांवकर ने भोपाल में पहला स्थान प्राप्त किया है।

प्रकृति की पाठशाला

उमरिया जिले के विश्वविख्यात बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के समीपी गांवों में प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रकृति की पाठशाला का अभियान चलाया जा रहा है। उपसंचालक बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व पीके वर्मा ने बताया है कि 1526 वर्ग किमी में फैले. टाइगर रिजर्व के कोर एवं बफर इलाके में तकरीबन 105 गांव आबाद हैं,जो सीधे जंगल से जुड़े होने के कारण ग्रामीणों को प्रभावित करते हैं । वनों एवं वन्य जीवों के सरंक्षण के लिए पार्क प्रबंधन ग्रामीणों के साथ प्रकृति पाठशाला आयोजित कर रहा है।

समाचार संक्षेप में .....

- आगरमालवा जिले में सुसनेर मार्ग पर कटन के पास उज्जैन–झालावाड़ राष्ट्रीय राजमार्ग–552जी पर सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई।

नमस्कार